>

Title: Need to implement Guna-Etawah Railway Project.

श्री अशोक अर्गल (भिंड): सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान गुना-इटावा रेल परियोजना की ओर दिलाना चाहता हूं। ...(व्यवधान) इस परियोजना को शुरु हुए 25 साल से अधिक हो गये हैं लेकिन यह ट्रेन अभी ग्वालियर से भिंड तक चल रही है।...(व्यवधान) भिंड से इटावा तक के लिए इसके इंजन का ट्रायल भी हो चुका है। मेरा केन्द्र की सरकार से आग्रह है कि इस पिछड़े क्षेत्र की रेल को इटावा तक शीघ्र चालू किया जाए। भिंड से उरई-महुआ रेलवे लाइन का भी सर्वे हुआ है।...(व्यवधान) इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है। इससे बुंदेलखंड का विकास होगा। इतना कहकर मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।